डिजिटल क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी 40% से कम:लखनऊ में इंजीनियर्स संस्था ने लैंगिक समानता पर किया विशेष कार्यक्रम, सिर्फ 39% महिलाएं करती हैं इंटरनेट का उपयोग

लखनऊ : 17 May 2025

लखनऊ के इंजीनियर्स भवन में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स ने विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का विषय था 'डिजिटल परिवर्तन में लैंगिक समानता'। मुख्य वक्ता जसप्रीत कौर और पल्लवी पंत ने महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि भारत में डिजिटल क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी 30 से 40 प्रतिशत के बीच है।

इंटरनेट उपयोग में महिलाओं की हिस्सेदारी 39 प्रतिशत है, जबकि पुरुषों की 61 प्रतिशत। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 35 से 45 प्रतिशत महिलाएं ही डिजिटल रूप से साक्षर हैं। वक्ताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान से स्थिति में सुधार हो रहा है। फिर भी , पुरुषों की तुलना में

महिलाओं के पास मोबाइल फोन की पहुंच 20 से 25 प्रतिशत कम है। ऑनलाइन फ्रीलांसिंग और सोशल मीडिया मार्केटिंग में महिलाओं की भागीदारी 20 से 30 प्रतिशत के बीच है।

कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य शामिल हुए

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस के महानिदेशक प्रो. भरत राज सिंह के स्वागत भाषण से हुई। प्रो. नीलम श्रीवास्तव और इंजी. एन. के निषाद ने कार्यक्रम का संचालन किया। इंजी. विनोद सक्सेना , इंजी. एस. के वर्मा समेत कई प्रमुख इंजीनियर मौजूद रहे। इंजी. वी. पी सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

---

https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/lucknow/news/participation-of-women-in-the-digital-sector-is-less-than-40-135046444.html